षोडश बिहार विधान सभा

नवम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-19 मंगलवार, दिनांक-27 मार्च, 2018 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.09 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 01 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 105 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस दौरान माननीय नेता विरोधी दल द्वारा अपनी कुछ मांगों को उठाने का प्रयास किया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि अभी प्रश्नकाल है, इसके समाप्त होने के पश्चात् आपको मौका दिया जायेगा ।

किन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

आसन द्वारा बार-बार विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया ।

किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 06.38 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[2] **सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के परिणाम बजट की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वित्तीय वर्ष 2018-19 के जेन्डर बजट की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

[3] **राजकीय (वित्तीय) विधेयक :-**

बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2018 :-

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा सदन की सहमति से विधेयक सदन में पुरःस्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विधेयक के विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरान्त खण्डशः विचार के क्रम में बारी-बारी से सभी खण्ड इस विधेयक के अंग बनें ।

माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । विधेयक की स्वीकृति के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री रामदेव राय
(ii) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव
(iii) श्री संजय सरावगी
(iv) श्री (डॉ०) विनोद प्रसाद यादव

तत्पश्चात् माननीय प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री सुशील कुमार मोदी द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया । तदोपरान्त् विधेयक सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[4] गैर सरकारी संकल्प :-

दिनांक 04.04.2018 के स्थान पर दिनांक 27.03.2018 की कार्यसूची के अनुरूप :-

(i) 66 गैर सरकारी संकल्प वापस ।
(ii) 58 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ट ।
(iii) 02 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।

गैर सरकारी संकल्प सख्या-07 के निस्तारण के दौरान माननीय अध्याशी सदस्य मो० इलियास हुसैन ने आसन ग्रहण किया ।

गैर सरकारी संकल्प सख्या-09 के निस्तारण के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

दिनांक 16.03.2018 के अविमर्शित दिनांक 27.03.2018 की कार्यसूची के अनुरूप :-

(i) 62 गैर सरकारी संकल्प वापस ।
(ii) 46 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ट ।
(iii) 04 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।

[5] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 27 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-28 मार्च, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

पटना
दिनांक-27.03.2018